नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

हिंदी विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण

युवक बिरादरी, ट्रांसरेल लाइटिंग लि., नीलकंठ एकेडमी का सहभाग

वर्धा, 9 सितंबर2018: स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में रविवार, 9 सितंबर को वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में युवक बिरादरी, ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड, देवली, नीलकंठ एकेडमी ऑफ सोशल एक्टिविटी, वर्धा एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर युवक बिरादरी के संस्थापक संघटक प्रभाकर घाटे, ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड के मानव संसाधन प्रबंधक मनोजित मोहरिल, नीलकंठ एकेडमी

के शिवम घाटे, राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व संयोजक अनुवाद अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, भाषा विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डॉ. रवि कुमार, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, विवि के कर्मी राजदीप राठौर, अश्विन श्रीवास सहित युवक बिरादरी की रक्षा बजाज, स्वामिनी पलसापुरे, पंकज गावंडे, देविका घाटे, प्रणाली कोरड़े, पुष्पम ठाकरे, तुषार काले, अश्विनी भालेराव, तेजस्वीनी थुल, कार्तिक रघाटाटे, रितेश अंबुलवार, आदित्य भालेराव, रितु देशमुख, कोमल वाटखेडे, कार्तिब बुटे तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए। अभियान के अंतर्गत दूर शिक्षा

निदेशालय भवन के परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधें लगाए गये तथा परिसर को स्वच्छ किया गया।

विवि में 1से 14 सितंबर तक स्वच्छता पखवाडा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न उपक्रम एवं कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है।